# कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास जिला दन्तेवाड़ा

//विज्ञापन//

क्रमांक/09 /डीएमएफ/स्था0/2024 | दंतेवाड़ा, दिनांक 09/01/2024

व्यवस्थापक, छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सचिव, छ.ग. शासन खनिज साधन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 7—34/2016/XII दिनांक 23 मार्च 2021 निहित निर्देशानुसार दन्तेवाड़ा जिला खनिज संस्थान निधि के अंतर्गत नीचे दर्शित स्वीकृत पदों पर संविदा नियुक्ति बाबत् निर्धारित प्रारूप में कम्प्यूटर/टाईपराईटर अंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से भरा हुआ आवेदन पत्र केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दन्तेवाड़ा (छ0ग0) के पते पर निर्धारित अंतिम तिथि **29.01.2024** तक कार्यालयीन समयावधि में आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र | पद का नाम | कुल रिक्त पद | रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | वेतन (प्रतिमाह एकमुश्त) | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.ज. जा. | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | | | | |
| 1 | विकास सहायक | 02 | 02 (मुक्त) | 0 | 0 | 75000/— | 21 वर्ष | 35 वर्ष | 1. किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण<br>2. किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा |
| 2 | लेखापाल | 01 | 0 | 0 | 01 (मुक्त) | 18420/— | 21 वर्ष | 35 वर्ष | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से बी.कॉम न्यूनतम 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण।<br>2. उपलब्ध नहीं होने पर सेवानिवृत्त लेखापाल एवं (लेखा परीक्षा उत्तीर्ण) सेवानिवृत्ति सहायक ग्रेड—01 को संविदा से लिया जा सकेगा।<br>3. मान्यता प्राप्त संस्था से पीजीडीसीए उत्तीर्ण एवं Tally software का पर्याप्त ज्ञान।<br>4. 05 वर्ष का लेखा सेवा कार्य का अनुभव एवं लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | सहायक ग्रेड–03 | 02 | 01 (मुक्त) | 01 (मुक्त) | 0 | 14200/– | 21 वर्ष | 35 वर्ष | 1. किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल (बोर्ड) से 10+2 परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में 01 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र<br>3. कम्प्यूटर में हिन्दी टाईप लेखन में 5000 की (key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति(गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) |
| 4 | भृत्य | 01 | 01 (मुक्त) | 0 | 0 | 11360/– | 21 वर्ष | 35 वर्ष | 1. किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल (बोर्ड) से 8वीं परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण<br>2. कार्य करने हेतु शारीरिक रूप से सक्षम होना चाहिए। |

टीपः–

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2. आयु की गणना दिनांक 01.01.2024 के संदर्भ में की जायेगी।
3. अ.ज.जा., अ.जा., अ.पि.वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगा तथा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी महिलाओं, भूतपूर्व सैनिकों, निःशक्त जनों (पद क्रमांक 4 को छोड़कर) अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत दम्पति के सवर्ण सहभागी, राज्य में प्रचलित शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार/गूण्डाधूर सम्मान/महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवाओं को शासन द्वारा समय–समय पर आरक्षण एवं आयु सीमा में दी गई छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगे लेकिन सभी प्रकार के छूटों को सम्मलित करने के बाद अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
4. अभ्यर्थी के पास पदनुसार आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्र आवेदन करने की अंतिम तिथि या उसके पूर्व का होना चाहिए। आवेदन करने के अंतिम तिथि के बाद के प्रस्तुत कोई भी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।
5. सेवानिवृत्त लेखापाल एवं (लेखा परीक्षा उत्तीर्ण) सेवानिवृत्ति सहायक ग्रेड–01 का लेखापाल भर्ती हेतु अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी।

**नियम एवं शर्तेः–**

1. जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत स्वीकृत पद संविदा प्रकृति के हैं, जिन पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के सभी प्रावधान मूलतः लागू होंगे। इस प्रकार के नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के प्रतिनियुक्ति समायोजनों से नियमित/स्थायीकरण का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
2. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की सेवा समाप्ति के पश्चात् उसे सेवा अवधि के लिये पेंशन या अन्य राशि की पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को संविदा सेवा के लिए मासिक एकमुश्त वेतन देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

Scanned with OKEN Scanner

4. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

5. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को जाति के समर्थन में सक्षम प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

6. उम्मीदवार को अपनी आयु सत्यापन हेतु आठवीं या हाईस्कूल प्रमाण पत्र/अंकसूची प्रमाणित (स्वयं सत्यापित) छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य है। आयु सीमा में छूट का लाभ चाहने वाले आवेदकों को संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

7. शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्थानों में कार्यरत् कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। पूर्व संस्था का नियुक्ति पत्र एवं संलग्न प्रारूप में अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुभव का अंक देय होगा।

8. उम्मीदवारों के द्वारा लिफाफों में आवेदित पद का नाम स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में दर्शाना अनिवार्य होगा। यदि कोई आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।

9. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रूटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

10. आवेदन के साथ शैक्षणिक अर्हता अनुसार समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित कर प्रस्तुत करना होगा।

11. राज्य शासन के निर्देशानुसार अधिसूचित रिक्तियों में बदलाव घटाया–बढ़ाया जा सकता है, निरस्त भी किया जा सकता है।

12. राज्य शासन द्वारा इन पदो के भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है तो वे निर्देश इस विज्ञापन में भी लागू होगा।

13. भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी विषय एवं तथ्यों पर चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

14. चयन उपरांत यदि आवेदक द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो उसकी नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी, साथ ही संबंधित के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

15. आवेदन पत्र में आवेदक का हस्ताक्षर अथवा स्वप्रमाणित पासपोर्ट फोटो नहीं होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा। इस संबंध में कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

16. संविदा नियुक्ति सामान्यतः 03 वर्ष के लिये होगी। विभाग की आवश्यकता एवं संविदा नियुक्ति की उपयुक्तता का आकलन कर संविदा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जावेगा।

17. छत्तीसगढत्र सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्त) नियम के नियम 6 संबंधी सभी अनहर्ता लागू होगी।

18. आवेदन पत्र की उपलब्धता:– आवेदन पत्र का प्रारूप दन्तेवाड़ा जिले के वेबसाईट www.dantewada.gov.in पर देखा जा सकता है।

19. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तो को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने से पहले आवेदक अपने अर्हता की जॉच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन करें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्हता पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।

20. उपरोक्त सभी पदों के लिए आवेदन करने के लिए आवेदक अपना आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा पिन कोड सहित एक लिफाफा भी संलग्न करेंगे जिसमें 42 रूपये मूल्य का टिकट चस्पा करेंगे। उपरोक्तानुसार लिफाफे के विना आवेदकों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा की सूचना नहीं दी जावेगी। जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

21. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

22. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा से अनुशासनहीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छाचारिता या अनियमितता के आधार पर किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।

23. यदि राज्य शासन के विभिन्न विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लेखापाल की पदस्थापना की जाती है तो इस पद के लिए चयनित अभ्यर्थी की सेवा स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।

**<u>पद कमांक 01, विकास सहायकः–</u>**

1. **चयन प्रकिया :–** स्नातक के प्राप्तांक प्रतिशत का 20 प्रतिशत भारांश अंक, प्रबंधन में स्नातकोत्तर/डिप्लोमा के प्राप्तांक प्रतिशत का 30 प्रतिशत भारांश अंक, अनुभव का अधिकतम 30 अंक तथा साक्षात्कार 20 अंक। इस प्रकार कुल 100 अंक के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर उसके आधार पर चयन किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

**2. अनुभव प्रमाण पत्र एवं उसके अंक :–** किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में राज्य स्तरीय या जिला स्तरीय पद में, परियोजना प्रबंधक या कार्यक्रम प्रबंधक या सहायक परियोजना अधिकारी या कार्यक्रम अधिकारी या सहायक संचालक पद या उसके समकक्ष या उससे उच्च पद पर कार्य करने का अनुभव ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र के अंक निम्नानुसार होंगेः– अ) 01 वर्ष से 02 वर्ष तक–05 अंक, ब) 02 वर्ष से 03 वर्ष तक–10 अंक, स) 03 वर्ष से 05 वर्ष तक–15 अंक, द) 05 वर्ष से अधिक– 20 अंक।

3. उपरोक्तानुसार अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर, एक पद के विरूद्ध 10 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। साक्षात्कार में अनुपस्थित होने वाला अभ्यर्थी चयन के लिए अपात्र होगा।

4. शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव एवं साक्षात्कार के प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर चयन किया जायेगा। समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जायेगा।

**<u>पद कमांक 02 लेखापालः–</u>**

**1. चयन प्रकिया :–** बी.कॉम के प्राप्तांक प्रतिशत का 30 प्रतिशत भारांश अंक, पी.जी.डी.सी.ए. का 30 प्रतिशत भारांश अंक, टेली सॉफटवेयर परीक्षा का 10 अंक तथा लेखा परीक्षा 30 अंक। इस प्रकार कुल 100 अंक के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर उसके आधार पर चयन किया जायेगा।

2. उपरोक्तानुसार अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर, एक पद के विरूद्ध 10 अभ्यर्थियों को टेली सॉफटवेयर परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। टेली सॉफटवेयर परीक्षा में अनुपस्थित होने वाला अभ्यर्थी चयन के लिए अपात्र होगा।

3. शैक्षणिक योग्यता एवं टेली सॉफटवेयर परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर चयन किया जायेगा। समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जायेगा।

**<u>पद कमांक 03 सहायक ग्रेड–03ः–</u>**

**1. चयन प्रकिया :–** शैक्षणिक अर्हता 12वीं कक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत का 40 प्रतिशत भारांश अंक, अनुभव का अधिकतम 20 अंक तथा कौशल परीक्षा 40 अंक। इस प्रकार कुल 100 अंक के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर उसके आधार पर चयन किया जायेगा।

**2. अनुभव प्रमाण पत्र एवं उसके अंक :–** किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सहायक ग्रेड–03 या डाटा एन्ट्री ऑपरेटर या स्टेनो टायपिस्ट पद पर संविदा या कलेक्टर दर में कार्य करने का अनुभव हीं मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र के अंक निम्नानुसार होंगेः– अ) 01 वर्ष से 02 वर्ष तक–05 अंक, ब) 02 वर्ष से 03 वर्ष तक–10 अंक, स) 03 वर्ष से 05 वर्ष तक–15 अंक, द) 05 वर्ष से अधिक– 20 अंक।

3. उपरोक्तानुसार अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर, एक पद के विरूद्ध 10 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। कौशल परीक्षा में अनुपस्थित होने वाला अभ्यर्थी चयन के लिए अपात्र होगा।

4. शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव एवं कौशल परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर चयन किया जायेगा। समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जायेगा।

**<u>पद कमांक 04 भृत्यः–</u>**

**1. चयन प्रकिया :–** शैक्षणिक अर्हता 8वीं कक्षा के प्राप्तांकों को 100 प्रतिशत भारांश अंक, प्रदान करते हुए वरीयता सूची तैयार कर उसके आधार पर चयन किया जायेगा। यदि किसी आवेदक के आठवीं कक्षा अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा। उदाहरण के लिये यदि किसी आवेदक को 8वीं में ए+ ग्रेड मिला हो तो 95 प्रतिशत, ए ग्रेड मिला हो तो 85 प्रतिशत, बी ग्रेड मिला हो तो 70 प्रतिशत, सी ग्रेड मिला हो तो 50 प्रतिशत, डी ग्रेड मिला हो तो 33 प्रतिशत मानकर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।

2. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जायेगा।

**कलेक्टर, एवं**
**पदेन अध्यक्ष, प्रबंधकारिणी समिति**
**दन्तेवाड़ा जिला खनिज संस्थान न्यास**

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास जिला दन्तेवाड़ा

क्रमांक / डीएमएफ / स्था0 / 2024 / 10 दन्तेवाड़ा दिनांक 09/ 01 / 2024

व्यवस्थापक, छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सचिव, छ.ग. शासन खनिज साधन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 7–34 / 201 / XII दिनांक 23 मार्च 2021 में निहित निर्देशानुसार दन्तेवाड़ा जिला खनिज संस्थान निधि के अंतर्गत विकास सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड–03 एवं भृत्य के रिक्त पदों की संविदा नियुक्ति बाबत् निर्धारित प्रारूप में कम्प्यूटर / टाईपराईटर अंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से भरा हुआ आवेदन पत्र केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दन्तेवाड़ा (छ0ग0) के पते पर निर्धारित अंतिम तिथि **29.01.2024** तक कार्यालयीन समयावधि में आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र | पद का नाम | कुल रिक्त पद | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **विकास सहायक** | 02 | 02 (मुक्त) | 0 | 0 | 21 | 35 |
| 2 | **लेखापाल** | 01 | 0 | 0 | 01 (मुक्त) | 21 | 35 |
| 3 | **सहायक ग्रेड–03** | 02 | 01 (मुक्त) | 01 (मुक्त) | 0 | 21 | 35 |
| 4 | **भृत्य** | 01 | 01 (मुक्त) | 0 | 0 | 21 | 35 |

विज्ञापित पदों की भर्ती के लिये आवेदन पत्र का प्रारूप एवं पूर्ण विवरण के साथ विज्ञापन की प्रति जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इसे **www.dantewada.gov.in** पर देखा जा सकता है, तथा विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप डाउनलोड किया जा सकता है।

9/1/24.

**कलेक्टर, एवं**
**पदेन अध्यक्ष,**
**प्रबंधकारिणी समिति**
**दन्तेवाड़ा जिला खनिज संस्थान न्यास**

Scanned with OKEN Scanner

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करें

| | |
|---|---|
| पद कमांक | :– |
| आवेदित पद का नाम | :– |
| वर्ग जाति | :– |
| लिंग | :– |

प्रति

कलेक्टर,
जिला खनिज संस्थान न्यास निधि
जिला दन्तेवाड़ा

नवीनतम पासपोर्ट फोटो स्वयं द्वारा प्रमाणित

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..............................
   (अंग्रेजी में) : ..............................
2. पिता/पति का नाम : ..............................
3. अ. जन्मतिथि अंकों में : ..............................
   ब. शब्दों में : ..............................
4. दिनांक 01.01.2024 को आयु : वर्षः–..............माहः–..............दिनः–..........
5. जन्म स्थान : ग्राम/नगर..............तहसील..............
   जिला..............
6. अ. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :..............................
   ..............................
   ..............................
   ..............................पिन..............

   ब. स्थायी पता ..............................
   ..............................
   ..............................पिन..............
   मोबाईल नम्बर ..............................
7. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित : ..............................
   पंजीयन कमांक एवं दिनांक : ..............................
8. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है? : ..............................
   (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वयंसत्यापित प्रति संलग्न करें)
9. क्या आवेदक छ.ग.शासन द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? हां/नहीं (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें) : ..............................
10. क्या आवेदक निःशक्तजन है? हां/नहीं : ..............................(यदि हां तो निःशक्तजन संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
11. निःशक्तजन का प्रकार व प्रतिशत : ..............................
12. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है? : ..............................

Scanned with OKEN Scanner

हां/नहीं (यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा
जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

13. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत है? हां/नहीं(यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) : ..................................................................

वर्तमान तथा पूर्व नौकरी का विवरण : ..................................................................

यदि हो तो अनुभव का विवरण (एवं संलग्न प्रारूप में अनुभव प्रमाण पत्र) ..................................

15. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है, अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। : ..................................................................

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1.............................................
2.............................................
3.............................................
4.............................................
5.............................................
6.............................................
7.............................................
8.............................................
9.............................................
10...........................................
11...........................................
12...........................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**आवेदक का नाम............................**

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि असत्य पायी जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक ......................

स्थान ........................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**आवेदक का नाम............................**

Scanned with OKEN Scanner

# अनुभव प्रमाण पत्र प्रारूप

जारी करने वाले संस्था का नाम ..................................................................................

क्रमांक/ / / दिनांक ...........................

प्रमाणित किया जाता है कि कु./श्री/श्रीमति.............................................................................

पिता/पति श्री ............................................................. हमारे संस्थान में दिनांक .........................से दिनांक ............................

तक, पद ......................................कार्यरत रहे/है। उनका प्रतिमाह वेतन/मानदेय रू. ..................................... था/है।

टीप:– निःशुल्क कार्य करने का कार्यानुभव मान्य नहीं होगा।

**जारी करने वाले प्राधिकारी का हस्ताक्षर**

**नामः–**

**पदनाम :–**

**संस्था की पदमुद्रा/सील**

Scanned with OKEN Scanner